दैनिक जागरण 19/05/2024

अंशिका और पीयूष को चेयरमैन गोल्ड मेडल

जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के दीक्षा समारोह में एमबीए और एमसीए के मेधावियों का सम्मान

जागरण संवाददाता, कानपुरः साकेत नगर स्थित जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के 17वें दीक्षा समारोह में शनिवार को अंशिका कटियार और पीयूष सिंह ने चेयरमैन गोल्ड मेडल व हिमांशी तिवारी और मृदुल राज त्रिवेदी ने चेयरमैन सिल्वर मेडल हासिल किया। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह और रक्षा सामग्री एवं भंडार अनुसंधान तथा विकास स्थापना के निदेशक डा. मयंक द्विवेदी ने उन्हें सम्मानित किया। ये मेडल वर्ष 2021-23 के एमबीए व एमसीए के छात्र-छात्राओं को दिए गए।

सीएसए के कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि भारत विकास की ओर बढ़ रहा है। छात्र-छात्राओं से कहा कि भविष्य में आपको अपने करियर में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन उससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा तन-मन और मस्तिष्क ताजे फल-सब्जियों से स्वस्थ रहता है न कि जंकफूड से, इसलिए जंकफूड से दूरी बनाएं। मुख्य अतिथि जागरण एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमैन डा. महेन्द्र मोहन गुप्त ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आधुनिक तकनीक को विकसित कर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में करियर निर्माण में अवसर खोजने चाहिए।

- सीएसएवि के कुलपति मुख्य अतिथि डा. आनंद ने विद्यार्थियों को चुनौतियों से न घबराने की दी सीख
- डीएमएसआरडीई के निदेशक डा. मयंक द्विवेदी ने मेधावियों को वर्तमान में जीने की दी सलाह

17 वें दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ साकेत नगर स्थित जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट में

जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के दीक्षा समारोह में अंशिका कटियार को चेयरमैन गोल्ड मेडल देते सीएसए कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह (बाएं से तीसरे), जागरण एजुकेशन फाउंडेशन के चेयरमैन डा. महेन्द्र मोहन गुप्त व डीएमएसआरडीई के निदेशक डा. मयंक द्विवेदी। जागरण एजुकेशन फाउंडेशन के सीईओ डा. जेएन गुप्ता, वाइस चेयरपर्सन रितु गुप्ता व निदेशक डा. दिव्या चौधरी (बाएं से) ● जागरण

दीक्षा समारोह में चेयरमैन गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले पीयूष सिंह गौर ● जागरण

'लक्ष्य तय कर करें तैयारी'

डा. मयंक द्विवेदी ने बधाई देते हुए छात्र-छात्राओं को वर्तमान में जीने की सलाह देते हुए अपने कार्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस पर फोकस करने को कहा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से देश का विकास हो रहा है। जागरण एजुकेशन फाउंडेशन की वाइस चेयरपर्सन रितु गुप्ता, सीईओ डा. जेएन गुप्ता, संस्थान की निदेशक डा. दिव्या चौधरी, जागरण इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड मास कम्युनिकेशन के निदेशक डा. उपेंद्र पांडेय, अमरदीप सिंह मौजूद रहे।

दीक्षा समारोह के बाद खुशी मनाते छात्र-छात्राएं ● जागरण